सांसद ने मप्र के टॉपर को दी बधाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास भोपाल से दसवीं एवं बारहवीं के रिजल्ट की घोषणा की जिसमें ज्ञानदीप स्कूल अमरवाड़ा में कृषि संकाय के छात्र हरिओम साहू ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर कृषि संकाय में पूरे मध्यप्रदेश में टॉप स्थान प्राप्त किया है। जिसकी जानकारी लगते ही सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली से ही छात्र हरिओम साहू उनके पिता सालकराम साहू एवं स्कूल के प्राचार्य नरेश सोनी को फोन पर चर्चा कर उनकी ओर से एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने दसवीं एवं बारहवीं के सभी सफल एवं विशेष योग्यता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने हरिओम साहू से चर्चा कर कहा कि उनके द्वारा बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। उसके लिए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि आप इसी तरह आगे बढ़ते रहे और जिले व प्रदेश एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने हरिओम के पिता सालकराम साहू से भी चर्चा कर उन्हें भी बधाई देते हुए उनकी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

साथ ही सांसद श्री साहू ने जिले के अन्य संकायों में विशेष अंक एवं उपलब्धि हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। साथ ही जिन विद्यार्थियों के किसी कारण से कम नंबर आये है उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे आगे की कक्षाओं में और अधिक मेहनत करते हुए अच्छे अंक हासिल करें।

हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में हरिओम साहू टॉप पर

अमरवाड़ा, देशबन्धु। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा वर्ष 2024 एवं 2025 मैं हुई वार्षिक परीक्षा में मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान कृषि संकाय में हरि ओम पिता शालिग्राम साहू जो की ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा के छात्र हैं मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था एवं नगर का गौरव बढ़ाया है हरिओम साहू ने 97.02 प्रतिशत 500 अंक मै से 468 अंक पाकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा कुमारी श्रेया पिपले ने कला संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में कला संकाय में आठवां स्थान प्राप्त किया। वहीं उत्कृष्ट विद्यालय एक्सीलेंस शाला की छात्रा कुमारी शिवानी अहिरवार ने कला संकाय में 96 प्रतिशत 482 अंक प्राप्त किया है।

ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा ज्योति सोनी पिता सतीश सोनी ने बायोलॉजी विषय में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कन्या माध्यमिक शाला अमरवाड़ा की छात्रा कु. सोनिका ने 468 अंक प्राप्त कर जिले में अपना स्थान बनाया वहीं ज्ञानदीप स्कूल की छात्रा टीनू साहू ने 94 प्रतिशत अंक दसवीं क्लास में प्राप्त किया है!

हरिओम ने माता पिता एवं गुरूजनों को दिया सफलता का श्रेय

एग्रीकल्चर संकाय में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर छात्र हरिओम साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरूजनों को दिया है। अमरवाड़ा से 13 किलोमीटर दूर ग्राम बिनेकी के रहने वाले हरिओम पिता सालकराम साहू मूलतः किसान है, वे गांव में एक छोटी से किराना दुकान भी चलाते है।

उनकी मां सुशीला साहू गृहणी है। हरिओम के दो भाई ध्रुव एवं अनुराग भी दसवीं क्लास में थे जिन्होंने भी दसवीं में विशेष अंक हासिल किए है। हरिओम ने बताया कि माता पिता के सहयोग से वे अमरवाड़ा में रूम लेकर पढ़ाई कर रहे है। स्कूल के शिक्षकों ने पढ़ाई के लिए उन्हें विशेष सहयोग प्रदान किया।

हरिओम ने कहा कि यदि विद्यार्थी ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करें तो सफलता जरूर मिलेगी। उनकी इच्छा आगे सरकारी नौकरी करने की हैए जिसकी वे तैयारी कर रहे है।

जिले में जल संरक्षण को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जल गंगा संवर्धन अभियान में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में परामर्शदाता विनोद तिवारी, श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जयप्रकाश सूर्यवंशी व आशीष साहू के निर्देशन में ग्राम चारगांव, सांख, जटामा, भाजीपानी, सुनारी मोहगांव में बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थीगण द्वारा दीवार लेखन कर ग्रामीणजनों को जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण का सन्देश दिया, वहीं ग्राम जटामा में हैंडपंप के आस.पास सफाई की गई तथा ग्राम भाजीपानी में गौ-शाला में गंदे जल की निकासी की जाकर साफ-सफाई की गई।

इस कार्यक्रम में बीएसडब्लयू व एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थीगण सन्नी जाम्बोलकर, संध्या वासनिक, रीना वासनिक, सुनीता पाठे, वंदना देशमुख, चितेश डेहरिया सहित ग्रामीणजन एवं बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

वीरेन्द्र विश्वकर्मा बने आम आदमी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आम आदमी पार्टी जिला भोपाल द्वारा आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष को अब अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की, वहीं पवन सूर्यवंशी की प्रदेश संयुक्त सचिव एवं अशोक विश्वकर्मा की प्रदेश सचिव ओबीसी प्रकोष्ठ और दीपक पवार को जिला सचिव, रफीक खान को जिला अध्यक्ष अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के पद पर नियुक्ति की है। इन सभी की नियुक्ति पर अध्यक्ष राजू पाण्डे, जिब्राइल बाबा, राजेश लोखंडे, रूपेश पहाड़ी, विशाल मालवीय, अरुण चौरे, अरविंद विश्वकर्मा, सूरज मौर्य, मुकुंद सानोदिया, मतीन अंसारी, वीरेंद्र डेहरिया, सतीश राजपूत, राहुल गढेवाल, सादिक मंसूरी ने बधाई प्रेषित की।

जल कलश यात्रा से हुआ भागवत कथा का शुभारंभ

अमरवाड़ा, देशबन्धु। श्रीमद् भागवत महापुराण संगीतमय कथा का शुभारंभ सोमवार के सांयकाल जल कलश यात्रा से प्रारंभ किया गया। स्वर्गीय सेवकराम, सोनू यादव की पुण्य स्मृति में एवं पितरों के उद्धार के लिए मातेश्वरी मंदिर जगत-देव अमरवाड़ा में 6 मई 25 से 12 मई 25 तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा परम श्रद्धेय पंडित मनीष शुक्ला शास्त्री के मुखारविंद से प्रारंभ होगी। इस कथा का आयोजन श्रीमती मुन्नी बाई यादव, स्वर्गीय सेवक राम यादव उनके सुपुत्र प्रशांत बंटी यादव, प्रदीप, विक्रांत, यादव परिवार की ओर से मातेश्वरी मंदिर जगत देव अमरवाड़ा में कथा श्रवण करने हेतु सादर आमंत्रित किया गया है। कथा के प्रारंभ में महिलाओं के द्वारा जल कलश यात्रा निकली गई वहीं रथ पर बाल राधा, कृष्ण एवं भागवत प्रवक्ता पंडित मनीष शुक्ला शास्त्री का नगर भ्रमण हुआ। इस आयोजन में सैकड़ो नर नारियों ने भाग लिया।

नगरपालिका करवा रही है पांच रुपये में पेट भर भोजन

अमरवाड़ा, देशबन्धु। नगरपालिका अमरवाड़ा द्वारा विगत एक वर्ष से दीनदयाल रसोई केंद्र का सफलतापूर्वक संचालन वार्ड नं.- 07 गंज बाज़ार में किया जा रहा है। रसोई केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय मिशन को साकार कर मात्र 05/- पाँच रुपये में भोजन थाली (रोटी, सब्ज़ी, दाल, चावल) प्रतिदिन 250 लोगो को उपलब्ध कराया जाता है जिनके परिजन अस्पताल में भर्ती है, ग्रामीण व स्थानीय मज़दूर, हमाल सहित ग़रीबो को प्रतिदिन भोजन मिलता है। रसोई केंद्र में नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी विभिन्न अवसरों पर सहयोग कर अपनी और से भोजन कराते है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नीतिन तिवारी ने अपील करते हुए कहा है कि आप भी अपने घर के धार्मिक सामाजिक आयोजन, जन्मदिवस, पुण्यतिथि पर रसोई केंद्र के माध्यम से ग़रीबो को भोजन करा सकते है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सहयोगी बनकर रसोई केंद्र में सहयोग कर अंत्योदय मिशन में सहभागी बन सकते है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने 10 वी और 12 वी के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को दी बधाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश राज्य बोर्ड के 10वीं और 12वीं बोर्ड के मंगलवार को परीक्षा परिणाम जारी किए गए। जारी परिणाम में अमरवाड़ा के छात्र ने कृषि संकाय में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सफलता की बधाई दी साथ ही असफल विद्यार्थियों को हिम्मत ना हारने और दोबारा पूरी एकाग्रता से प्रयास करने की सलाह दी। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश बोर्ड के घोषित परिणाम में अमरवाड़ा के ज्ञानदीप स्कूल के छात्र हरिओम साहू ने कृषि संकाय में प्रदेश में टॉप कर जिले को गौरवान्वित किया है मैं उन्हें हृदय से बधाई देता हूं साथ ही जिले के सभी सफल विद्यार्थियों को हृदय से बधाई देता हूं।

स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली अपनाने से बढ़ा उत्पादन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। यह कहानी है जिले के विकासखंड ग्राम बड़गोनाजोशी के एक छोटे कृषक अरुण साहू की है, जो पारंपरिक बहाव सिंचाई विधि से वर्षों से खेती करते आ रहे थे। रबी सीजन में वे अपने पूरे रकबे में गेहूँ की फसल लेते थे, परंतु बहाव विधि से सिंचाई करने पर वे मात्र तीन बार ही फसल को पानी दे पाते थे। इसका सीधा प्रभाव फसल के उत्पादन पर पड़ता था और उपज लगभग आधी रह जाती थी।

बड़गोनाजोशी गांव के कृषक अरुण साहू को मिली

जब क्षेत्र के अधिकारियों ने उनके खेत का दौरा किया और फसलों में बहता पानी देखा तो उन्होंने श्री साहू को स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली अपनाने की सलाह दी ताकि पानी का समुचित उपयोग हो सके।

अधिकारियों की सलाह पर अरुण साहू ने कृषि विभाग के पोर्टल पर स्प्रिंकलर के लिये पंजीयन कराया। कुछ ही समय में उन्हें लाभार्थी कृषक के रूप में चयनित कर लिया गया। उनकी इच्छा अनुसार टेक्समों कम्पनी के 30 पाइप एवं 5 नोज़ल का सेट मात्र 11,500 रुपये में उपलब्ध कराया गया, जिस पर अनुदान भी प्राप्त हुआ।

इस वर्ष रबी सीजन में उन्होंने स्प्रिंकलर के माध्यम से गेहूँ की फसल की सिंचाई की, जिससे बहाव विधि से होने वाले पानी के नुकसान पर रोक लगी और वे फसल को आवश्यकता अनुसार 5 से 6 बार पानी दे पाए। इससे न केवल गेहूँ की उपज बढ़ी, बल्कि बचे हुए पानी का उपयोग कर उन्होंने जायद सीजन में मूंग की फसल भी ली है।

पारंपरिक सिंचाई से श्री साहू को प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल गेहूँ की उपज ही प्राप्त होती थी। लेकिन इस वर्ष स्प्रिंकलर से सिंचाई करने पर उन्हें 18 क्विंटल गेहूँ की उपज प्राप्त हुई, जिसे उन्होंने 2,600/- रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेचकर 48,000/- रुपये की आमदनी प्राप्त की। इसमें 15,000/- रुपये की लागत घटाने के बाद उन्हें 31,800/- रुपये का शुध्द लाभ हुआ।

इसके अतिरिक्त मूंग की फसल से उन्हें 8,000/- रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। इस प्रकार सिंचाई प्रणाली में बदलाव कर श्री अरुण साहू ने अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना लिया है।

कृषक अरुण साहू स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली से न केवल पानी की बचत कर पाए बल्कि उन्होंने अपनी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। अब वे अपने साथी कृषकों को भी इस तकनीक को अपनाने की सलाह देते हैं। उनकी यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही तकनीक और मार्गदर्शन से कोई भी कृषक अपनी खेती में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

इस प्रकार श्री साहू अपनी सफलता के बारे में गांव में भी प्रचार प्रसार कर इससे होने वाले फायदे की बातें भी ग्रामवासियों को बता रहे है।

शाम होते ही बदल रहा है मौसम का मिजाज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पिछले 2-3 दिनों से दिन में तेज गर्मी पड़ रही है तो वहीं शाम होते होते जहां बादल छा जाते है तो वहीं बूंदाबांदी हो जाती है जिससे मौसम खुशनुमा हो जाता है, पिछले कुछ दिनों से मौसम का यही हाल बना हुआ है जिससे लोग जहां दिन भर तेज गर्मी से परेशान होते है तो शाम होते ही चैन की सांस लेते नजर आ रहे है।

इसी प्रकार रात के समय मौसम सुहाना रहता है जिससे लोग इस गर्मी के मौसम में अच्छी नींद ले रहे है तो वहीं गरीब जिनके घरो में कूलर आदि नहीं है वे भी इस अनुकूल मौसम में केवल पंखे से ही हवा का आनंद ले रहे है और अच्छी नींद ले रहे है। किन्तु आने वाले दिनों में मौसम फिर करवट लेगा का अनुमान।

12वीं में बालाजी पब्लिक स्कूल के कृष्ण सिंह को मिला नौवां स्थान

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। नगर के बालाजी पब्लिक स्कूल ने अपनी 29 वर्षों की मेरिट एवं उत्कृष्ट रिजल्ट की परंपरा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष प्रदेश की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया है। विद्यालय के 12वीं ह्यूमेनिटी के छात्र कृष्णा सिंह गौतम ने 96.2 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नौवां एवं जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

विगत वर्षों में अपनी शिक्षण पद्धति के लिए प्रतिबद्ध विद्यालय की पहचान मेरिट में रिजल्ट के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को चयनित करवाने की रही है। उपलब्धियों के इस क्रम में विद्यालय के छात्र कृष्णा सिंह गौतम ने विद्यालयीन अध्ययन को एकाग्रता से अपनाते हुए प्रदेश की सूची में स्थान प्राप्त किया है।

अपनी इस उपलब्धि का श्रेय इन्होंने अपने विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति बी अनुराधा नायडू एवं एसोसिएट डायरेक्टर बी अभिषेक नायडू व बी आदर्श नायडू के उचित मार्गदर्शन एवं अपने शिक्षकगण श्रीमति हेमलता सरभाई, पंकज बरनवाल, संजय डेहरिया एवं अपने माता-पिता को दिया है।

इतिहास विषय में इन्होंने 100 अंक प्राप्त किये हैं। ग्राम माचागोरा निवासी कृष्णा के पिता सुनील सिंह गौतम किसान हैं एवं माता मालती सिंह गौतम गृहणी हैं। कैरियर के लिए कृष्णा ने देश सेवा के क्षेत्र में जाने का विकल्प चुना है। बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष जहाँ 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक एवं 47 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं तो वहीँ प्रथम श्रेणी में 176 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है।

माचागोरा डेम के गेट बंद होने पर गुलाबी गेंग ने कलेक्टर का माना आभार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। विगत् दिनों गुलाबी गैंग प्रमुख पूर्णिमा वर्मा के नेतृत्व में माचागोरा जलाशय के खोले गये गेट से जलाशय का स्तर लगातार कम होता देखने के बावजूद भी अन्य जिले सिवनी में स्थित संजय सरोबर (भीमगढ़ जलाशय) में पानी देने का खुलकर विरोध किया था और धरना देकर इस माचागोरा डेम के गेट को तत्काल बंद करने एवं अवैध रूप से क्षेत्र में बिक रही शराब के विरोध में प्रेस कान्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री की शवयात्रा निकाली थी।

अब जिला कलेक्टर के आदेश पर माचागोरा डेम के गेट बंद कर दिये गये हैं जिससे अब हमारे जिले ही किसानों को इस जलाशय का पानी मिलेगा। जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के द्वारा किसानों के हित में लिये गये निर्णय पर गुलाबी गैंग कमाण्डर ने अपने समस्त साथियों के साथ उनका हृदय से आभार व्यक्त किया और मॉग की क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर भी तत्काल रोक लगायी जाये ।

केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक दौलतराम नागवंशी को दी विदाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। केंद्रीय विद्यालय संगठन में 11 अप्रैल 1994 को पदभार ग्रहण करने के बाद अप्रैल 2025 में लगभग 31 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने के उपरांत विद्यालय के वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षक दौलत राम नागवंशी सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा श्री नागवंशी को पुष्प वर्षा करते हुए विद्यालय के प्रार्थना सभा मंच तक ले जाया गया। प्रार्थना सभा में प्रातः काल आयोजित विदाई समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

विद्यालय प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर के द्वारा बतलाया गया कि श्री नागवंशी विद्यालय के एक मजबूत स्तंभ रहे हैं और विद्यालय के आधारभूत संरचना के निर्माण और रखरखाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई में कोई कमी न रखते हुए विद्यालय कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। विद्यालय में अनुशासन बनाने में श्री नागवंशी की विशिष्ट भूमिका रही।

विद्यालय में विद्यार्थियों की छुट्टी के बाद विद्यालय के शिक्षकों एवं प्राचार्य द्वारा श्री नागवंशी के सम्मान में विदाई समारोह एवं भोज का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के दौरान सभी शिक्षकों ने उन्हें विद्यालय की एक अमूल्य संपत्ति बताया और कहा कि उनका स्थान कोई और नहीं ले सकता।

विदाई समारोह के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से श्री नागवंशी को एक मानपत्र एवं उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री नागवंशी की पत्नी श्रीमती सुधा नागवंशी, उनकी पुत्रियाँ गुंजन और शिवानी एवं उनके पुत्र आर्यन उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य ने उनके विद्यालय में योगदान को याद किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही प्राचार्य ने श्री नागवंशी के सेवानिवृत्ति उपरांत अच्छे स्वास्थ्य, प्रसन्नता एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

जनसुनवाई में सुनीं 90 आवेदकों की समस्याएं

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 90 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान पट्टा प्रदान करने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम महलपुर के धन्ना पराड़कर ने वृध्दावस्था पेंशन दिलाने, ग्राम मड़काढाना के रमेश व ग्राम नजरपुर के रामखिलावन कायदा ने आवास के लिये भूमि का पट्टा प्रदाय करने, ग्राम नवेगांव के आशाराम ने फर्जी रजिस्ट्री की जांच करने व जमीन वापस दिलाने एवं जान-माल की रक्षा करने, छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर-10 के अरूण डेहरिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सोनपुर वार्ड नंबर-24 की श्रीमती अनुसुईया टांडेकर ने जमीन का पट्टा स्थानांतरित करने, खूनाझिरखुर्द के वार्ड नंबर-08 की श्रीमती सरकिला ने जमीन का सीमांकन करने व परासिया के मेनदास डेहरिया ने अपनी निजी भूमि का सीमांकन करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

सदस्यता अभियान के माध्यम से नये लोगों को जोड़े युवक कांग्रेस : नकुलनाथ

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। युवक कांग्रेस की यह बैठक महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्तमान में युकां के चुनाव चल रहे हैं। आज नामांकन की आखिरी तारीख थीए किन्तु इसे बढ़ाकर 12 मई कर दिया गया है। सदस्यता अभियान भी प्रारंभ हो रहा है इसके माध्यम से अधिक से अधिक नये लोगों को जोड़ें ताकि युवक कांग्रेस की टीम पहले से अधिक मजबूत हो। उक्त उदगार पूर्व सांसद नकुलनाथ जी ने युवक कांग्रेस की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

नकुलनाथ ने युवक कांग्रेस के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव में अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष अथवा विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए नामांकन किया जा चुका है। यह एक चुनावी प्रक्रिया है जिसमें कुछ लोग छूट जाते हैं, किन्तु उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह चुनाव पांच के लिए नहीं है। जिन लोगों को अवसर नहीं मिला है उन्हें 6 माह अथवा एक वर्ष बाद अवसर मिलेगा इसीलिए निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान के माध्यम से युवक कांग्रेस से जोडें।

सार समाचार

ग्राम बड़ी चौरासी में मनोज परतेती की निकली बारात और उधर मकान जलकर खाक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पिता का बड़ा अरमान होता है कि मेरा बेटा दूल्हा बने घोड़ी चढ़े और बहू घर लेकर आऐं ऐसा ही ख्वाब फागलाल परतेती का भी था और उसने अपने बेटे की शादी की बारात ग्राम बड़ी चौरासी से धूमधाम से निकाली लेकिन उस समय हड़कंप मच गया जब दूल्हा मनोज परतेती की बारात निकलते ही उसके घर में आग लग गई। इस आग में लाखों की संपत्ति जलकर खत्म हो गई। इसमें शादी के लिए रखा गया जेवर, पैसे, अनाज, गाड़ी और जरूरी कागज़ात भी शामिल थे। घर के मुखिया फागलाल परतेती ने बेटे की शादी के लिए कर्ज लेकर सारी तैयारी की थी। अब उनके सामने सिर्फ राख और जले हुए सामान बचे हैं।

मनोज की बारात 3 मई की रात पीपरडार गांव गई थी। पूरा परिवार शादी में शामिल था। लेकिन कुछ घंटे बाद गांव में खबर आई कि उनके घर में आग लग गई है। जब कुछ लोग बारात से लौटे और आग बुझाने पहुंचेए तब तक घर पूरी तरह जल चुका था। फागलाल परतेती के अनुसार उनके घर में शादी के लिए सारा सामान रखा हुआ था। इसमें 3 किलो चांदी के जेवर, लगभग 2 लाख रुपये नकद, 1 लाख रुपये से ज्यादा का किराना और घरेलू सामान, 200 कट्टी गेहूं, 20 कट्टी चना, 15-15 कट्टी मटर और धान, दो दोपहिया वाहन जिनमें से एक पूरी तरह जल गया, जरूरी कागजात, बर्तन, कपड़े और अन्य कीमती सामान सब आग में जलकर राख हो गया।

इस संबंध में ग्रामवासियों एवं पीड़ित परिवार का कथन है कि स्थानीय फायर ब्रिगेड न होने से नुकसान ज्यादा हुआ है यदि गांव में अग्निशमन वाहन होता तो इतना नुकसान नहीं होता। गांव में कोई अग्निशमन वाहन नहीं था। ग्रामीणों ने अपनी ओर से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग बहुत बढ़ चुकी थी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव और आसपास के क्षेत्र में जल्दी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। फागलाल परतेती ने इस घटना की जानकारी बटकाखापा थाने में दी है और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि वह फिर से अपनी जिंदगी को संवार सकें और बेटे की अधूरी शादी को पूरा कर सकें।

पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री आज छिन्दवाड़ा में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सात एवं आठ मई को दो दिवसीय दौर पर छिंदवाड़ा आ रहे है, इस दौरान उनके साथ सभी कार्यक्रमों में सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से शामिल होंगे। वहीं 9 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा में आमजनों से मुलाकात करेंगे। सांसद श्री साहू 7 मई को दोपहर 2 बजे तामिया के रेस्ट हॉउस पहुंचेगे, दोपहर 4 बजे जुन्नारदेव के ग्राम इकलासामी भोलेआम में कन्हान नदी के उद्गम स्थल में आयोजित पूजन एवं भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 7 बजे तामिया के रेस्ट हॉउस में पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। 8 मई को सुबह 8:30 बजे तामिया के ग्राम बातरा में आयोजित दूधी नदी के उद्गम स्थल में पूजन एवं भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:30 बजे तामिया के ग्राम छिंदी चिमटीपुर में सीता रेवा नदी उद्गम स्थल में पूजन एवं भ्रमण करेंगे एवं पंच व सरपंच के सम्मेलन में शामिल होंगे। दोपहर 3:30 बजे हर्रई के ग्राम सुरला खापा में शक्कर नदी के उद्गम स्थल में पूजन एवं भ्रमण कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं यूनिसेफइंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। 9 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सांसद कार्यालय छिंदवाड़ा में आमजनों से मुलाकात करेंगे।

कलेक्टर के गोद लिए शासकीय स्कूल चंदनगाव के परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय बढ़ोतरी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा की गई पहल के सकारात्मक एवं उल्लखेनीय परिणाम सामने आए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी अधिकारियों ने एक-एक विद्यालय को गोद लिया था और समय-समय पर औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वयं छिंदवाड़ा नगर के शासकीय स्कूल चन्दनगांव को गोद लिया है। खुद जाकर कक्षाएं लीं, प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। स्कूल परिसर का कायाकल्प किया और विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया। जिसके परिणाम स्वरूप बोर्ड परीक्षाओं में कलेक्टर के गोद लिए स्कूल ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत की वृध्दि के साथ 93ण्04 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 78 प्रतिशत रहा।

नकुलनाथ व प्रियानाथ ने चखा महुए के बिस्किट का स्वाद

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रियानाथ ने महुए के फूलों से निर्मित होने वाले बिस्किट का स्वाद चखा। लजवाब स्वाद की सराहना करते हुए नकुलनाथ एवं प्रियानाथ ने स्व.सहायता समूह की महिलाओं की भी जमकर तारीफ करते हुए कहा कि जीवन में पहली दफा ऐसे बिस्किट का स्वाद मिला है।

शिकारपुर कमलकुंज निवास पर अरण्यका स्व.सहायता समूह की महिलाएं पहुंची, उन्होंने अपने हाथों से निर्मित किए हुए महुए के फूलों के बिस्किट नकुलनाथ एवं श्रीमती प्रियानाथ को भेंट किए। बिस्किट के बारे में सुनते ही श्री नाथ व श्रीमती नाथ ने तत्काल कुकीज खाए जिसके पश्चात नकुलनाथ ने अरन्यका स्व. सहायता समूह की उपस्थित महिलाओं से कहा कि आज तक ऐसे बिस्किट नहीं खाए। समूह की महिलाओं से भेंट कर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनके द्वारा बनाए गए बिस्किट का हर जगह प्रचार व प्रसार व्यक्तिगत तौर पर करेंगे ताकि उनके उत्पाद की मांग बढ़े साथ लोगों तक महुए के फूलों से बनाए हुए स्वादिष्ट बिस्किट पहुंचें।

अमरवाड़ा के वार्डो में एक करोड़ पंद्रह लाख रुपये के नौ सड़क निर्माण स्वीकृत

अमरवाड़ा, देशबन्धु। नगरपालिका अमरवाड़ा के विभिन्न वार्डो में सीमेंट कांक्रीट और डामरीकृत सड़को के निर्माण हेतु नपा अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी के प्रयासों से मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक करोड़ पंद्रह लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। लोक निर्माण सभापति कल्पना सतीश साहू ने बताया मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के अन्तर्गत उक्त सड़क निर्माण प्रमुख अभियंता संचालनालय नगरीय प्रशासन भोपाल द्वारा स्वीकृत किए गए है। नगर के सात वॉर्डो में उक्त सड़क निर्माण कार्य कराए जायगे की जानकारी दी गई है।

संयुक्त संचालक कृषि ने किया खेत का निरीक्षण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले में कल 6 मई को संयुक्त संचालक कृषि जबलपुर के.एस. नेताम ने कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त कृषि अधिकारियों के साथ बैठक कर नवाचार आधारित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग को देखते हुए उन्नत तकनीक, नवीनतम किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अभी से ही व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

इसके बाद श्री नेताम विकासखंड परासिया के ग्राम कुंडाली खुर्द पहुंचे, जहां उन्होंने प्रगतिशील कृषक बलवीर चंद्रवंशी के खेत का भ्रमण कर उनकी प्राकृतिक खेती की विधियों और नवाचारों को देखा। उनके कार्यों की सराहना करते हुए उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जिले के अन्य किसानों को भी इस मॉडल से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को रसायन मुक्त अनाज उपलब्ध हो सके।

भ्रमण कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि धीरज ठाकुर, सचिन जैन, नीलकंठ पटवारी, प्रमोद सिंह उट्टी, दीपक चौरासिया, कृषि विस्तार अधिकारी पंकज पराडकर, कु. निकिता सिंह सहित अन्य प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश में मानसून मक्का महोत्सव का आयोजन

छिंदवाड़ा,देशबन्धु। स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में कार्यरत वैश्विक कंपनी बेयर, मध्य प्रदेश के बैतूल, छिंदवाड़ा और सिवनी जिलों के गांवों में मक्का की खेती पर केंद्रित किसान कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। इन कार्यशालाओं के जरिए किसानों को मक्का के भोजन, पशुओं के चारे और सतत ईंधन के रूप में महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह पहल बेयर के संकल्प को दिखाती है, जो छोटे किसानों को बेहतर पैदावार और अधिक आय प्राप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रही है।

इस पहल पर बात करते हुए, भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में बेयर के क्रॉपसाइंस डिवीज़न के क्लस्टर कमर्शियल लीड, मोहन बाबू ने कहा, बेयर में, हम मक्का किसानों को बदलते कृषि परिदृश्य में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करने में विश्वास करते हैं। खरीफ भारत के कुल मक्का उत्पादन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम इस मौसम के दौरान पैदावार बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। अपनी कार्यशालाओं के माध्यम से, हम उत्पादकों को नवाचार अपनाने, उत्पादकता बढ़ाने और मक्का मूल्य श्रृंखला की गतिशील आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बना रहे हैं। मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में मक्का उत्पादन का समर्थन करके, बेयर भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा में सार्थक योगदान देने का प्रयास करता है।



भारत में मक्का (कॉर्न) खेती के लिए बहुत जरूरी फसल है। यह फसल खाने के लिए, जानवरों के चारे के लिए और फैक्ट्रियों में कई चीज़ें बनाने के लिए इस्तेमाल होती है। मक्का लाखों किसानों की आमदनी का ज़रिया है और यह देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करती है। यह फसल हर तरह के मौसम और ज़मीन में उग सकती है, इसलिए यह टिकाऊ खेती के लिए भी अच्छी मानी जाती है। बेयर कंपनी का मकसद है ङ्क फ्रसबके लिए स्वास्थ्य और किसी को भूखा नहीं रहने देना। (हेल्थ फॉर ऑल, हंगर फॉर नन)। यह उद्देश्य मक्का की ताकत से जुड़ा हुआ है। बेयर किसानों को नई तकनीकें और तरीके सिखा कर उनकी फसलों की पैदावार बढ़ाने में मदद करता है। इससे किसानों की आमदनी भी बढ़ती है और देश के लोगों को अच्छा पोषण और भरपूर खाना मिल पाता है।

ये इंटरैक्टिव (संवादात्मक) कार्यशालाएँ किसानों को उन्नत फसल प्रबंधन तकनीकों की पूरी जानकारी देंगी, जिससे उनकी उत्पादकता में सुधार होगा और मृदा स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। इसमें कृषि की सर्वोत्तम प्रथाओं का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे किसान नई तकनीकों को वास्तविक रूप में देख सकेंगे। साथ ही, वे उन किसानों की सफलता की कहानियाँ सुनेंगे जिन्होंने हाइब्रिड का इस्तेमाल कर बेहतर उपज हासिल की है। विशेषज्ञ सतत कृषि तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन देंगे।

जातिगत जनगणना कांग्रेस व राहुल गांधी की बड़ी जीत : नकुल

शिकारपुर में पत्रकार वार्ता को किया सम्बोधित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने शिकारपुर कमलकुंज में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। उन्होंने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना कांग्रेस पार्टी व विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जीत है। भाजपा सरकार ने 2021 में यह साफ कह दिया था कि वह ओबीसी व अन्य जातियों की जनगणना नहीं कराएगी। विपक्ष के दबाव के उपरांत भाजपा सरकार ने अपना रूख बदला और अब जातिगत जनगणना के लिए तैयार हुई है।

नकुलनाथ ने जातिगत जनगणना विषय पर आयोजित वार्ता को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि पंद्रह माह की कमलनाथ की सरकार में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया था, किन्तु भाजपा ने सत्ता में आते ही उस पर अनेकों अड़ंगे लगाए। कांग्रेस लम्बे समय से जातिगत जनगणना की मांग कर रही थी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे पर मुखर रहे, तब जाकर भाजपा सरकार ने दबाव में आकर जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है। जातिगत जनगणना से यह पता चलेगा कि किस क्षेत्र में किस जाति के लोग अधिक निवासरत है।

उनकी आर्थिक स्थिति क्या है इसके आधार पर उनके सामाजिक न्याय व उनके कल्याण हेतु नीतियां बनाने में आसानी होगी। श्री नाथ ने आगे कहा कि बिहार चुनाव के पहले ही जातिगत जनगणना शुरू की जाए, साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार से प्रश्न करते हुए कहा कि घोषणा तो कर दी है अब जातिगत जनगणना कब प्रारंभ की जाएगी, क्योंकि कांग्रेस के लम्बे संघर्ष के बाद भाजपा सरकार जातिगत जनगणना के लिए प्रारंभ हुई है।

उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना से देश में नए विकास की शुरुआत होगी साथ ही वंचितों व पीड़ितों को इसका लाभ मिलेगा। सामाजिक न्याय से जुड़े प्रत्येक मामलों को लेकर कांग्रेस सजग है और आगे भी रहेगी। छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी भी सामाजिक न्याय व समरसता से जुड़े मामलों पर मामलों को लेकर गम्भीर व सजग है।

आतंकवाद को कुचलने के लिए कांग्रेस, सरकार के साथ

कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले को लेकर नकुलनाथ ने कहा कि आतंकवाद को कुचलने व पाकिस्तान के खिलाफ लिए जाने वाले प्रत्येक निर्णय में कांग्रेस, भारत सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि देश पर होने वाले आतंकी हमले का सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। क्योंकि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला केवल पर्यटकों पर नहीं बल्कि देश पर हमला है।

भाजपा को छिन्दवाड़ा की जनता कभी नहीं दिखी

माचागोरा जलाशय से जिले के किसानों को पानी नहीं दिए जाने और सिवनी जिले को पानी भेजने के प्रश्न के प्रत्युत्तर में नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार को कभी भी छिन्दवाड़ा जिले की जनता नजर नहीं आई, ना ही भाजपा ने कभी छिन्दवाड़ा की जनता की चिंता की है, इसीलिये इस बार भी उन्हें सिवनी की जनता दिखी। उन्होंने आगे कहा कि छिन्दवाड़ा में जलाशय का निर्माण हुआ है, यहां के किसानों की जमीनें गई है। ऐसी स्थिति में चौरई अथवा छिन्दवाड़ा के किसानों को पानी नहीं दिया जाना अन्याय है।